# रसोई में गैस भभकने से झुलसे बुजुर्ग की मौत

**इंदौर.** छत्रीपुरा थाना क्षेत्र के पंचमूर्ति नगर में घर के भीतर गैस रिसाव से लगी आग में गंभीर रूप से झुलसे एक मजदूर की मौत हो गई. खाना बनाते समय हुए हादसे में गंभीर रूप से झुलसे बुजुर्ग की कई दिन इलाज के बाद अस्पताल में मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

पंचमूर्ति नगर में रहने वाले 52 वर्षीय अनिल पिता गोपाल हम्माली का काम करके जीवन यापन करते थे और घर में अकेले रहते थे. कुछ दिन पहले वे रसोई में खाना बनाने की तैयारी कर रहे थे. गैस चूल्हा जलाने के बाद वे बाथरूम चले गए. इस दौरान चूल्हा बुझ गया, लेकिन सिलेंडर से गैस का रिसाव होता रहा और पूरा कमरा गैस से भर गया. वापस लौटकर जैसे ही अनिल ने दोबारा चूल्हा जलाने के लिए माचिस जलाई, गैस ने आग पकड़ ली और वे बुरी तरह झुलस गए. घटना के बाद उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. छत्रीपुरा पुलिस सिलेंडर और रेगुलेटर में तकनीकी खराबी की संभावना को लेकर जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.


समस्त ग्राम वासियों कोगणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
सरपंच श्रीमती संतोषी दिनेश
सचिव सालिगराम खेडे
ग्राम पंचायत देवला मनावर

सभी ग्राम वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
सरपंच श्रीमती माया वास्केल
सचिव दयाराम नर्गेश
ग्राम पंचायत उदियापुरा मनावर

समस्त ग्राम वासियों को गणतंत्र दिवस कीशुभकामनाएं
सरपंच अभय सिंह दशरथ
सचिव दीपसिंह मोर्य
ग्राम पंचायत सीतापुरी मनावर

समस्त ग्राम वासियों कोगणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
सरपंच जादू हरेसिंग मसानिया
सचिव नारायण पाटीदार
ग्राम पंचायत आंजनिया मनावर

सभी ग्राम वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभ कामना
सरपंच श्रीमती मनीषा प्रेम सिंह
सचिव दिनेश सोलंकी
ग्रामपंचायत जाजमखेड़ी मनावर

सभी ग्राम वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभ कामना
सरपंच कोरसिंह गोपाल
सचिव योगेश चौहान
ग्राम पंचायत चिखली मनावर























